"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-1-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 14] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 7 अप्रैल 2006—चैत्र 17, शक 1928

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 17 मार्च 2006

क्रमांक एफ 2-11/2006/1/6.—सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (क्रमांक 22 सन् 2005) की धारा 27 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ :—**
(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ सूचना का अधिकार (अपील) नियम, 2006 है.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2006.

(2) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगा.

2. **परिभाषाएं** :—इन नियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (क्रमांक 22 सन् 2005);

(ख) "धारा" से अभिप्रेत है, उक्त अधिनियम की धारा;

(ग) "गरीबी रेखा के नीचे" से अभिप्रेत है, कि छत्तीसगढ़ सरकार के वह नागरिक जिन्हें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गरीबी रेखा के नीचे का होना घोषित किया गया हो;

(घ) "फीस" से अभिप्रेत है, अधिनियम के उपबंधों के अंतर्गत देय शुल्क;

(ङ) शब्दों एवं अभिव्यक्तियों जो इन नियमों में प्रयुक्त है, किन्तु परिभाषित नहीं है, उनके वही अर्थ होंगे जो उनके लिए अधिनियम में दिए गए हैं.

3. **प्रथम अपील** :—

(1) यदि कोई व्यक्ति धारा-7 की उपधारा (1) अथवा उपधारा (3) के खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट समय के भीतर निश्चय प्राप्त नहीं करता है या प्राप्त नहीं होता है अथवा लोक सूचना अधिकारी के विनिश्चय से व्यथित है, वह ऐसे कालावधि के व्यतीत होने के तीस दिवस के भीतर अथवा ऐसे निश्चय के प्राप्ति के तीस दिवस के भीतर लोक सूचना अधिकारी के, वरिष्ठ अपीलीय अधिकारी को अपील के ज्ञापन के साथ 50/- (यदि अपील आदेश डाक द्वारा चाही गई हो तो रु. 75) का शुल्क नगद या नान ज्युडिशियल स्टाम्प के साथ प्रस्तुत कर सकेगा. परन्तु यह कि ऐसा अपीलीय अधिकारी तीस दिवस की कालावधि के पश्चात् भी अपील सुनवाई के लिए ग्रहण कर सकेगा यदि उसका समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी पर्याप्त कारणों से अपील समयावधि में प्रस्तुत करने में विफल रहा है.

(2) अपील के ज्ञापन में अपीलार्थी का नाम व पता, जन सूचना अधिकारी का नाम तथा पदनाम, जन सूचना अधिकारी द्वारा सूचना न देने अथवा अपूर्ण अथवा भ्रामक जानकारी देने अथवा फीस का भुगतान करने के आदेशों का अथवा समयावधि में जानकारी न देने का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा.

(3) अपील की सुनवाई हेतु अपीलीय अधिकारी संबंधित जन सूचना अधिकारी को कम से कम 7 दिवस का नोटिस देगा.

(4) उपनियम (1) के अंतर्गत अपील प्राप्त किए जाने से तीस दिवस के भीतर या ऐसी बढ़ाई गयी कालावधि के भीतर जो अपील फाइल करने की तारीख से कुल मिलाकर पैंतालिस दिवस से अधिक नहीं हो, यथास्थिति लिखित में कारणों को अभिलिखित करते हुए निपटाई जाएगी.

(5) अपील में पारित आदेश की प्रति अपीलार्थी को निःशुल्क प्रदाय की जाएगी.

4. **द्वितीय अपील** :—

(1) इस नियम के उपनियम (3) के अधीन विनिश्चय के विरुद्ध द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग को उस तारीख से नब्बे दिवस के भीतर प्रस्तुत की जा सकेगी जिस तारीख को विनिश्चय पारित हो गया अथवा जब विनिश्चय वास्तविक रूप से प्राप्त किया गया है अथवा उस तारीख से जिस तारीख को प्रथम अपील प्रस्तुति को पैंतालीस दिवस हो गये.

परन्तु यह कि राज्य सूचना आयोग नब्बे दिवस की कालावधि के बीतने के पश्चात् भी अपील सुनवाई के लिए ग्रहण कर सकेगा, यदि उसका समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी समय के भीतर अपील प्रस्तुत करने में पर्याप्त कारणों से विफल रहा है.

(2) अपील के ज्ञापन में अपीलार्थी का नाम व पता प्रथम अपीलीय अधिकारी जिसके आदेश के विरुद्ध अपील की जा रही हो उसका नाम तथा पदनाम और जिस आदेश के विरुद्ध अपील की जा रही हो उसकी सत्यापित प्रति देना होगा.

(3) राज्य सूचना आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत अपील के ज्ञापन के साथ रुपये 100/- (रुपये सौ) (यदि आदेश की प्रति डाक से चाही गई हो तो रु. 125) की फीस नगद चालान, मनीआर्डर या नान ज्युडिशियल स्टाम्प के रूप में जमा करना होगा.

(4) राज्य सूचना आयुक्त यथास्थिति लोक प्राधिकारी और/अथवा जन सूचना अधिकारी और/अथवा अपीलार्थी को युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् लिखित में कारणों को अभिलिखित करते हुए अपील का निराकरण करेगा.

(5) अपील की सुनवाई हेतु सूचना आयुक्त संबंधित पक्षकारों को कम से कम सात दिवस का नोटिस देगा.

(6) राज्य सूचना आयुक्त का विनिश्चय अंतिम एवं बंधनकारी होगा.

5. राज्य सूचना आयुक्त के विनिश्चय की प्रति अपीलार्थी को नि:शुल्क प्रदाय की जाएगी परन्तु यदि अपीलार्थी आदेश की प्रति डाक द्वारा प्राप्त करना चाहता है तो अपीलार्थी से डाक शुल्क प्राप्त कर तीस दिवस के अंदर भेजी जाएगी.

6. नियम 3 एवं 4 के अंतर्गत देय फीस ऐसे व्यक्तियों से जो गरीबी रेखा से नीचे है से प्रभारित नहीं की जाएगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
नन्द कुमार, सचिव.

रायपुर, दिनांक 17 मार्च 2006

क्रमांक एफ 2-11/2006/1/6.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग के अधिसूचना क्रमांक एफ 2-11/2006/1/6 दिनांक 17-3-2006 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
नन्द कुमार, सचिव.

Raipur, the 17th March 2006

No. F 2-11/2006/1/6.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 27, the Right to Information Act, 2005 (No. 22 of 2005) the State Government hereby makes the following rules, namely :—

RULES

1. **Short title and commencement** :—
(1) These rules may be called the Chhattisgarh right to information (Appeal) rules, 2006.

(2) It shall come in to force from the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Definitions** :—In the rules unless the context other wise requires,—
(a) "Act" means the Right to Information Act, 2005 (No. 22 of 2005);

(b) "Section" means the sections of the Act;

(c) "Below poverty line" means such citizen of state of Chhattisgarh who is declared as below poverty line by the Government of Chhattisgarh;

(d) "Fees" means the fees payable under the provisions of the Act;

(e) The word and expressions used but not defined in these rules carry shall meaning as have been assigned to them in the Act.

3. **First Appeal :—**

(1) Any person who does not receive a decision within the time Specified in sub-section (1) or clause (a) of sub-section (3) of section 7 or is aggrieved by a decision of the state public information officer may within thirty days from the receipt of such a decision prefer an appeal with a fee of Rs. 50/-

(By post appeal Rs. 75/-) either in cash or in the form of non-judicial stamp to such officer who is senior in rank to the state public Information officer in each public authority. Provided that such officer may admit the appeal after expiry of the period of thirty days on being satisfied that the applicant was prevented by sufficient cause from filing the appeal in time.

(2) In the memorandum of appeal, the name and address of the appellant the basis of the subject matter of the information with the name and the post of the competent authority, the order of the competent authority and payment of fee or not providing information in time, shall be clearly specified.

(3) For hearing of the appeal the appellate authority shall give minimum 7 days notice to the concerned Public Information Officer.

(4) An appeal under sub rule (1) shall be disposed of within thirty days of the receipt of the appeal or within such extended period not exceeding a total of forty five days recording the reasons in writing for the period extended.

(5) The copy of order passed in appeal shall be given free of cost.

4. **Second Appeal :—**

(1) A second appeal shall be against the order passed under sub rule (3) within ninety days from the date on which the order was passed or was actually recevied to the state Information Commissioner or within forty five days from the date of filing of first appeal.

Provided that the State Information Commissioner may admit the appeal after the expiry of the period of ninety days on being satisfied that the appellant was prevented by sufficient cause from filing the appeal in time.

(2) In the memorandum of appeal the name and address of the appellant the basis of the subject matter of the information with the name and the post of the competent authority and certified copy of the order of the competent authority shall be given.

(3) With the memorandum of appeal filed before the State Information Commissioner the fee of Rs.100/- (Rupees one hundred) (for appeal by post Rs. 125/-) in cash or in the form of non-judicial stamp shall be deposited.

(4) The State Information Commissioner shall after giving reasonable opportunity of being heard to public authority or state public information officer or appellant as the case may be decide the appeal assigning the reasons there on.

(5) Information Commissioner shall give minimum 7 days notice to concerned parties.

(6) The decision of the State Information Commissioner shall be final and binding.

5. A copy of the decision of the State Information Commissioner shall be given free of cost, to the appellant if the appellant wants to receive the copy of the order by post then after receiving the fee of postal charges copy shall be sent within 30 days.

6. The fee chargeable under rule 3 and 4 shall not be charged from the persons who are below proverty line.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
NAND KUMAR, Secretary.

रायपुर, दिनांक 21 मार्च 2006

क्रमांक ई-7/19/2004/1/2.—श्री सी. के. खेतान, भा.प्र.से., सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जन संपर्क विभाग को दिनांक 7-4-2006 से 19-4-2006 तक (13 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 6-4-2006 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री खेतान, भा.प्र.से. आगामी आदेश तक सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जन संपर्क विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री खेतान, भा.प्र.से. को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री खेतान, भा.प्र.से. अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 21 मार्च 2006

क्रमांक ई-7/47/2004/1/2.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 7-3-2006 द्वारा डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी, भा.प्र.से., संचालक कोष लेखा एवं पेंशन, छत्तीसगढ़, रायपुर को दिनांक 13-3-2006 से 17-3-2006 तक (5 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. बांजपेयी, अवर सचिव.

जल संसाधन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 मार्च 2006

क्रमांक 1819/7-ए/जसं/तशा/औजप्र/02/डी-4.—छत्तीसगढ़ सिंचाई अधिनियम, 1931 (क्र. 3 सन् 1931) के अधीन विरचित नियमों के उपबंधों के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा-37 तथा 40 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जल संसाधन विभाग की अधिसूचना क्र. 5882/7-ए/ज.सं./त.शा./औ.ज.प्र./02/डी-4, रायपुर, दिनांक 30-11-2002 को अधिष्ठित करते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा संपूर्ण राज्य में औद्योगिक प्रयोजन, ताप विद्युत तथा जल विद्युत परियोजनाओं के लिये निम्नलिखित जल-दर निर्धारित करती है :—

क्र.	उपयोग का प्रकार	विशेष विवरण	जल-दर
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	औद्योगिक प्रयोजन/ताप विद्युत प्रयोजन	अ. शासकीय स्रोत :—	
		1. बांध/जलाशय से	रु. 3.00 प्रति घन मीटर
		2. नहर प्रणाली से	रु. 3.60 प्रति घन मीटर
		ब. नैसर्गिक/स्वनिर्मित स्रोत से	रु. 0.90 प्रति घन मीटर

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	जल विद्युत प्रयोजन (जल के उपयोग पश्चात् पुन: प्राप्ति)	अ. शासकीय स्रोत :—	
		1. बांध/जलाशय से	30 (तीस) पैसे/विद्युत इकाई उत्पादन एवं 150 (एक सौ पचास) पैसे/100 वि.ई.उ. पर प्रतिवर्ष एस्केलेशन चार्जेस.
		2. नहर प्रणाली से	36 (छत्तीस) पैसे/विद्युत इकाई उत्पादन एवं 180 (एक सौ अस्सी) पैसे/100 वि.ई.उ. पर प्रतिवर्ष एस्केलेशन चार्जेस.
		ब. नैसर्गिक/स्वनिर्मित स्रोत	6 (छ:) पैसे/विद्युत इकाई उत्पादन पर

2. उपरोक्तानुसार निर्धारित जल-दरें दिनांक 1-4-2006 से प्रभावशील रहेगी.

3. जल का उपयोग प्रारंभ करने के पूर्व शासन के अनुमोदन उपरांत प्रारूप-7 (क) में अनुबंध निष्पादित किया जायेगा.

4. उपरोक्त दरों का पुनर्निर्धारण प्रति 3 वर्ष के पश्चात् किया जायेगा.

5. निजी संयंत्रों द्वारा निस्सारित किये जाने वाले जल का निस्सरण राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के नियमों के अनुसार नहीं करने पर दोषी संस्थानों को नियमानुसार दण्डित किया जावेगा.

Raipur, the 21st March 2006

No. 1819/7-A/W.R./T.S./I.W.S./02/D-4.—In exercise of the powers conferred by section-37 and 40 of the "Chhattisgarh Irrigation Act. 1931 (No. 3 of year 1931)", read with provisions of its composed rules, by supersession the notification No. 5882/7-A/W.R./T.S./I.W.S./02/D-4, Raipur, dated 30-11-2002 of Water Resources Department, the State Government has hereby fixed following water rates for Industrial purpose, Thermal Power and Hydel Power Projects :—

S. No. (1)	Type of Use (2)	Specific Detials (3)	Water Rate (4)
1.	Industrial Purpose/ Thermal Power Purpose	A. Government Sources :—	
		1. From Dam/Reservoir	Rs. 3.00 per cubic meter
		2. From Canal System	Rs. 3.60 per cubic meter
		B. From Natural/Created Own Sources.	Rs. 0.90 per cubic meter
2.	Hydel Power Purpose (Regained of water after use)	A. Government Sources :—	
		1. From Dam/Reservoir	30 (Thirty) paise per Unit (KWH) generated and 150 (One Hundered Fifty) paise
per			100 Unit per year escalation

(1)	(2)	(3)	(4)
		2. From Canal System	36 (Thirty-Six) paise per Unit (KWH) generated and 180 (One Hundred Eighty) paise per 100 Unit per year escalation charges.
		B. From Natural/Created Own Sources.	6 (Six) paise per Unit (KWH) generated..

2. The rates mantioned above shall be effective from 1-4-2006.

3. After approval of Government an agreement shall be executed in form 7-A, prior to use of water.

4. The rates mentioned above shall be revised after every 3 years.

5. Private industries shall treat effluent as per rules of State Pollution Control Board, otherwise defaulters shall be penalised as per prevalling rules.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दिलीप वासनीकर, उप-सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 22 मार्च 2006

क्रमांक 2459/डी-813/21-ब/छ.ग./06.—राज्य शासन, एतद्द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष शासन की ओर से पक्ष समर्थन करने वाले उन विधि अधिकारियों के लिए जो कि नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में वर्णित है, उनके नाम के सम्मुख कॉलम (3) में दर्शायी गई वर्तमान में इस विभाग की अधिसूचना क्र. 668/डी-2783/21-ब/छ.ग./03, दिनांक 23-1-2003 द्वारा निर्धारित रिटेनर फीस को पुनरीक्षित कर, कॉलम (3) में मासिक पारिश्रमिक (रिटेनर फीस) के रूप में तथा मुख्यालय से बाहर किसी न्यायालय अथवा अधिकरण में उपस्थित होने की दशा में कॉलम (4) में दैनिक पारिश्रमिक दिनांक 31 मई, 2005 से नियत करता है :—

क्रमांक	पदनाम	पुनरीक्षित पारिश्रमिक	मुख्यालय से बाहर किसी न्यायालय अथवा अधिकरण में उपस्थित होने की दशा में दैनिक पारिश्रमिक
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	महाधिवक्ता	रु. 30,000/- (रुपये तीस हजार)	7,000/- रु. (रुपये सात हजार) परंतु 1 दिन में एक से अधिक प्रकरणों में कुल राशि 15,000/- से अधिक नहीं.
2.	अतिरिक्त महाधिवक्ता	रु. 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार)	1,500/- रु. (रुपये पंद्रह सौ) परंतु 1 दिन में एक से अधिक प्रकरणों में कुल राशि 5,000/- से अधिक नहीं.

(1)	(2)	(3)	(4)
3.	उप-महाधिवक्ता	रु. 23,000/- (रुपये तेइस हजार)	1,000/- रु. (रुपये एक हजार) परंतु 1 दिन में एक से अधिक प्रकरणों में कुल राशि 3,000/- से अधिक नहीं.
4.	शासकीय महाअधिवक्ता/ अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता	रु. 20,000/- (रुपये बीस हजार)	700/- रु. (रुपये सात सौ) परंतु 1 दिन में एक से अधिक प्रकरणों में कुल राशि 2,000/- से अधिक नहीं.
5.	उप शासकीय अधिवक्ता	रु. 17,000/- (रुपये सत्रह हजार)	500/- रु. (रुपये पांच सौ) परंतु 1 दिन में एक से अधिक प्रकरणों में कुल राशि 1,000/- से अधिक नहीं.

उक्त व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन (114) कानूनी सलाहकार और परिषद्-(3428) महाधिवक्ता 01-वेतन-001-अधिकारियों का वेतन के अंतर्गत विकलनीय होगा.

वित्त विभाग के यू.ओ. क्रमांक 195/5625/वित्त विभाग/ब-3/2005 दिनांक 21-3-2006 द्वारा सहमति प्रदान की गई है. अत: यह प्रशासकीय विभाग इस आदेश को वित्त विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत महालेखाकार, रायपुर को पृष्ठांकित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. पी. शर्मा, प्रमुख सचिव.

रायपुर, दिनांक 23 मार्च 2006

संशोधन आदेश

फा. क्र. 2507/3 बी/25/2006/21-ब, (मेरिट क्रमांक-25).—इस विभाग के आदेश क्रमांक 966 दिनांक 2-2-2006 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :—

उक्त आदेश के द्वितीय पंक्ति में "आत्मज स्व. श्री गोविन्द नारायण गुप्ता" के स्थान पर "पति स्व. श्री गोविन्द नारायण गुप्ता" पढ़ा जावे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. गोयल, उप-सचिव.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 6 मार्च 2006

क्रमांक 1799/33/25-2/आजाकवि./2006.—राज्य शासन, एतद्द्वारा शासन की अधिसूचना क्रमांक 4557/223/आजाक/2003 दिनांक 15-8-2003 को अतिष्ठित करते हुये छत्तीसगढ़ राज्य हज समिति नियम 2002 की धारा 17 सहपठित धारा 18 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग

करते हुए छत्तीसगढ़ हज समिति का गठन कर निम्नानुसार सदस्यों को नामांकित करता है :—

क्रमांक (1)	नाम (2)	पद (3)
1.	मान. श्रीमति मोहसिना किदवई राज्य सभा सदस्य	सदस्य
2.	मान. मोहम्मद अकबर, विधायक, वीरेन्द्र नगर, जिला कवर्धा	सदस्य
3.	मो. नईम आलम, आकर्षण वेयर, बस स्टेण्ड, जशपुर	सदस्य
4.	मो. अकरम खान, गोबरा नवापारा, राजिम	सदस्य
5.	मो. अनवर खान, वार्ड क्रमांक 2 बचेली, बस्तर	सदस्य
6.	मो. हाफिज महफूज अशरफी, जामा मस्जिद रायपुर	सदस्य
7.	मो. कारी बशीरूल कादरी रिजवी मोहतमिम, जगदलपुर	सदस्य
8.	मो. मुशाबकर अली, मोमिनपारा, रायपुर	सदस्य
9.	मो. हसन अली अध्यक्ष मोहदिसे आ. मि. स्कूल, राजनांदगांव	सदस्य
10.	मो. हाजी अब्दुल करीम हिंगोरा मंजिल ए रजा कवर्धा	सदस्य
11.	मो. अब्बास अली सर्वोदय वनस्थली विद्यापीठ महामाया रोड अंबिकापुर.	सदस्य
12.	डॉ. सलीम राज, उपाध्यक्ष गरीब नवाज एजूकेशन, बैजनाथपारा रायपुर.	सदस्य
13.	मो. युनूस कुरैशी गौ सेवा रक्षा समिति, के. के. रोड, रायपुर	सदस्य
14.	वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष	पदेन सदस्य
15.	कार्यपालन अधिकारी राज्य हज कमेटी रायपुर में पदस्थ	पदेन सदस्य

2. समिति के पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष होगा.

3. यह अधिसूचना दिनांक 15-3-2006 से प्रभावशील मानी जावेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वाय. एस. बेले, अवर सचिव.

परिवहन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 17 मार्च 2006

क्रमांक एफ 5-1/दो/आठ-परि./2005.—छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम, 1994 के नियम 204 सहपठित मोटरयान अधिनियम, 1988 (क्र. 59 सन् 1988) की धारा 117 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए नगर निगम रायपुर की सहमति से क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार एतद्द्वारा खसरा नंबर 217 की 1.469 हेक्टेयर की समाविष्ट भूमि जो रायपुर नगर स्थित जिला रायपुर (1) मुंबई-हावड़ा रेल्वे लाईन (2) दक्षिण में जी. ई. रोड (3) पूर्व में खसरा नंबर 89 (4) पश्चिम में कोटा पहुंच मार्ग से घिरा है, को मोटरयान नियम 1988 की धारा 117 में विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए लोक सेवा यानों के रूकने के प्रयोजन हेतु रायपुर में बस स्थानक के रूप में विनिर्दिष्ट करती है. क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, आयुक्त नगर निगम रायपुर को उक्त बस स्थानक के रख-रखाव, उसके आवश्यक निर्माण कार्य करने तथा छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम, 1994 के नियम 204 में यथा अनुबंधित उपबंध के अधीन लोक सेवा यानों के स्वामियों/संचालकों से आवश्यक शुल्क वसूल करने के लिए भी प्राधिकृत करता है.

Raipur, the 17th March 2006

No. F 5-1/Two/Eight-Trans./2005.—In exercise of the powers conferred by rule 204 of the Chhattisgarh Motor Vehicle Rules, 1994, read with section 117 of the Motor Vehicle Act, 1988 (No. 59 of 1988) in consultation with Municipal Corporation Raipur, the Regional Transport Authority hereby declare the land comprising of 1.469 Hectare of Survey Number 217 situated at City Raipur, District Raipur surrounded by (1) Mumbai-Howarha Railway line in North (2) G. E. Road in South (3) Khasara No. 89 in East (4) Village Kota Way in West as specified bus stand at for the purpose of standing the Public Service Vehicle for the period specified in section 117 of the Motor Vehicle Act, 1988, Regional Transport Authority also authorize Commissioner, Municipal Corporation Raipur to maintain the said bus stand, building of works necessary there to and realize necessary fees from owners/operators of the Public Service Vehicle as provided under the provision of Rule 204 the Chhattisgarh Motor Vehicle Rule, 1994.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. पी. जैन, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार.

राजस्व विभाग
कार्यालय, कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर , छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन रांजस्व विभाग

जगदलपुर, दिनांक 3 फरवरी 2006

क्रमांक/137/भू-अर्जन/2006.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5(अ) के उपवंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) में उपबंध उसके संबंध में लागू होते है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
उत्तर बस्तर कांकेर	उत्तर बस्तर कांकेर	बरदेभाठा	19.24	कार्यपालन अभियंता, गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर.	आवास गृह निर्माण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. राजू, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन संयुक्त-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

सरगुजा, दिनांक 7 फरवरी 2006

रा. प्र. क्र. 26/ अ-82/2002-03.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सरगुजा	अंबिकापुर	सिरकोतगा	0.356	कार्यपालन अभियंता, बरनई नहर संभाग, अम्बिकापुर.	श्याम परियोजना के बायीं तट नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, अम्बिकापुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

सरगुजा, दिनांक 7 फरवरी 2006

रा. प्र. क्र. 1/ अ-82/2003-04.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सरगुजा	अंबिकापुर	छिन्दकालो	0.483	कार्यपालन अभियंता, बरनई नहर संभाग, अम्बिकापुर.	मोतीपुर माइनर के ग्राम छिन्द-कालो के वाटरकोर्स के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, अम्बिकापुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

सरगुजा, दिनांक 7 फरवरी 2006

रा. प्र. क्र. 2/ अ-82/2003-04.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सरगुजा	अंबिकापुर	छिन्दकालो	0.395	कार्यपालन अभियंता, बरनई नहर संभाग, अम्बिकापुर.	श्याम घुनघुट्टा परियोजना के दायीं तट नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, अम्बिकापुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

सरगुजा, दिनांक 22 फरवरी 2006

रा. प्र. क्र. 22/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सरगुजा	अंबिकापुर	ककना	0.061	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, क्रमांक-2 अंबिकापुर.	ककना स्टोर रूम के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, अम्बिकापुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज कुमार पिंगुआ, कलेक्टर एवं पदेन संयुक्त सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

रायपुर, दिनांक 6 मार्च 2006

क्रमांक/क/वा./भू.अ./अ.वि.अ./प्र. क्र. 9-अ-82, वर्ष 2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायपुर	तिल्दा	तिल्दा प. ह. नं. 7	1.808	कार्यपालन अभियंता, महानदी जलाशय परियोजना डिसनेट संभाग, क्र. 3, तिल्दा, रायपुर (छ.ग.).	ग्राम-तिल्दा प.ह.नं. तहसील तिल्दा की निजी भूमि को भाटापारा शाखा नहर के गुजरा नहर के अंतर्गत गुजरा माइनर नं. 1 निर्माण हेतु.

रायपुर, दिनांक 23 मार्च 2006

क्रमांक/क/वा.भू.अ./अ.वि.अ./प्र. क्र./10-अ-82, वर्ष 2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायपुर	तिल्दा	कुन्दरू प. ह. नं. 11	1.155	कार्यपालन अभियंता, महानदी जलाशय परियोजना डिसनेट संभाग, क्र. 3, तिल्दा, रायपुर (छ.ग.).	भाटापारा शाखा नहर निर्माण एवं रखरखाव हेतु भू-अर्जन.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुबोध कुमार सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

राजनांदगांव, दिनांक 23 मार्च 2006

क्रमांक 2098/भू-अर्जन/2006.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
राजनांदगांव	राजनांदगांव	दतरेंगाटोला प.ह.नं. 55	5.930	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगांव.	घुमरियानाला बैराज के बायीं तट मुख्य नहर (निर्माण).

भूमि का नक्शा (प्लान) की निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी, राजनांदगांव के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. एस. मिश्रा, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 03/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	मधुबन प.ह.नं. 6	2.276	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	मधुबन जलाशय योजना के मुख्य नहर में अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 04/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	भेड़वन प.ह.नं. 7	2.185	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	मधुबन जलाशय योजना के मुख्य नहर में अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 05/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	तिलाईमुड़ा प.ह.नं. 7	1.083	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	मधुबन जलाशय के मुख्य नहर निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 06/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	तालदेवरी प.ह.नं. 7	1.378	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	मधुबन जलाशय योजना के मुख्य नहर में अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 07/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	भोथली प.ह.नं. 7	2.794	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	मधुबन जलाशय योजना के मुख्य नहर में अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 08/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	भिखमपुरा प.ह.नं. 7	0.696	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	मधुबन जलाशय योजना के मुख्य नहर निर्माण में अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 09/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	खैरा बड़े प.ह.नं. 6	1.619	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	मधुबन जलाशय योजना के मुख्य नहर में अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 10/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	छर्रा प.ह.नं. 8	2.234	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	मधुबन जलाशय योजना के मुख्य नहर में अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 11/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	मधुबन प.ह.नं. 6	0.590	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	मधुबन जलाशय योजना के स्पील चैनल में अधिग्रहित भूमि पूरक का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 12/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	डडाईडोह प.ह.नं. 6	3.000	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	मधुबन जलाशय योजना के डूबान क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि पूरक का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 13/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	अमलीडीपा प.ह.नं. 27	0.660	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	अमलीडीपा जलाशय के स्पील चैनल निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 14/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	भद्रीउड़ान प.ह.नं. 27	0.032	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	अमलीडीपा जलाशय के डूब में अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

रायगढ़, दिनांक 8 मार्च 2006

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 15/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	भीमसेनडीह प.ह.नं. 26[illegible]	1.881	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़.	अमलीडीपा जलाशय के स्पील चैनल निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. राजू, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग

सरगुजा, दिनांक 7 फरवरी 2006

रा. प्र. क्र./10/अ-82/01-02.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 6 के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-सरगुजा
- (ख) तहसील-अम्बिकापुर
- (ग) नगर/ग्राम-जजगा
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-0.706 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
1818/1	0.049
1702/1	0.016
1705	0.004
1714/2	0.012
1787	0.004
1701/7	0.004
1786/1	0.032
1708	0.028
1714/3	0.012
1817/2	0.045
1701/8	0.008
1702/2	0.012
1782	0.045
1713	0.024
1813	0.032
1701/9	0.020
1786/2	0.032
1709	0.024

(1)	(2)
1811	0.045
1814/1	0.004
1698/2	0.061
1703	0.020
1710	0.032
1812/1	0.020
1701/6	0.008
1698/3	0.061
1704	0.012
1711/2	0.024
1812/2	0.016
योग	0.706

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है- नरकालो जलाशय योजना के जजगा माइनर के निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, भू-अर्जन अधिकारी, अम्बिकापुर के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज कुमार पिंगुआ, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग

दुर्ग, दिनांक 27 फरवरी 2006

क्रमांक/166/प्र-1/06.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 6 के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
(क) जिला-दुर्ग
(ख) तहसील-साजा
(ग) नगर/ग्राम-बोरतरा
(घ) लगभग क्षेत्रफल-0.22 हेक्टेयर

खसरा नम्बर (1)	रकबा (हेक्टेयर में) (2)
261	0.22
योग	0.22

